ऑनलाइन एकीकृत पोर्टल

मोबाइल टावर व ऑप्टिकल फाइबर हेतु आवेदन प्रक्रिया तथा निस्तारण प्रणाली

(नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार)

# मोबाइल टावर की स्थापना हेतु अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया

**चरण 1 – पंजीकरण करें**

- पोर्टल पर पंजीकरण हेतु संबंधित फील्डों में एजेंसी श्रेणी, एजेंसी का नाम, लाइसेंस नंबर, जीएसटी नंबर, प्राधिकृत व्यक्ति का नाम, ईमेल आईडी, पासवर्ड एवं अन्य अपेक्षित जानकारियां भरें।
- तत्पश्चात, भरा गया मोबाइल नंबर **One Time Password** (ओटीपी) के माध्यम से सत्यापित किया जाएगा। सत्यापन के पश्चात, लॉगिन विवरण पंजीकृत मोबाइल नंबर व ईमेल आईडी पर प्रेषित कर दिए जाएंगे।

**चरण 2 – लॉगिन करें**

- यूज़रनेम (पंजीकृत मोबाइल नंबर व ईमेल आईडी पर प्राप्त), पासवर्ड व कैप्चा संबंधित फील्ड में भरकर लॉगिन करें।

**चरण 3 – कंपनी प्रोफाइल सृजित करें**

- प्रथम लॉगिन के पश्चात, एक पॉप-अप प्रदर्शित होगा जिसमें आवेदक को एजेंसी विवरण एवं प्राधिकृत व्यक्ति का विवरण दर्ज करना होगा। आवेदक किसी भी कार्रवाई के लिए तब तक आगे नहीं बढ़ सकते हैं जब तक की वे कंपनी प्रोफाइल सृजित नहीं करते। प्रोफाइल सृजित करने हेतु निम्न जानकारियों को संबंधित सेक्शन में दर्ज करें:

  **एजेंसी विवरण**

  - मुख्यालय का पूरा पता
  - लैण्डलाइन नंबर (यदि कोई है)
  - मोबाइल नंबर
  - वेबसाइट का यूआरएल (यदि कोई है)
  - राज्य/सर्किल कार्यालय का पता एवं संपर्क विवरण

  **प्राधिकृत व्यक्ति का विवरण**

  - पदनाम
  - पता

## चरण 4 – मोबाइल टावर की स्थापना हेतु अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए आवेदन करें

- कंपनी प्रोफाइल सृजित करने के पश्चात, आवेदक को डैशबोर्ड पर हस्तांतरित कर दिया जाएगा। तत्पश्चात साइड मेनू, **आवेदन पत्र** पर क्लिक करें, अवसंरचना का प्रकार (ओवर ग्राउंड), दूरसंचार अवसंरचना (मोबाइल टावर), जनपद, जहां अवसंरचना स्थापित किया जाना है, विभाग, जिनसे अनापत्ति प्रमाणपत्र अपेक्षित है, का चयन करें तथा **Proceed** बटन पर क्लिक करें।
- तदोपरांत, आपको आवेदन पत्र पर हस्तांतरित किया जाएगा जिसे **05** चरणों में विभाजित किया गया है। आवेदक को निम्न जानकारियां संबंधित चरण में दर्ज करनी होंगी:

**क. परियोजना एवं एजेंसी का मूल विवरण**

आवेदक को आवेदन पत्र के इस भाग में निम्न जानकारियां भरनी होंगी:

- आवेदक का नाम
- परियोजना का नाम
- परियोजना का कोड
- परियोजना का विवरण

*आवेदक इस चरण पर मुख्यालय एवं राज्य/सर्किल कार्यालय का पता तथा प्राधिकृत व्यक्ति के विवरण में संशोधन कर सकते हैं, यदि आवश्यक हो।*

**ख. अवसंरचना एवं स्थापना हेतु स्थल का विवरण**

आवेदक को आवेदन पत्र के इस भाग में निम्न जानकारियां भरनी होंगी:

- अवसंरचना कहां स्थापित होना है (भूमि अथवा भवन)
    - यदि आवेदक **भूमि** का चयन करते हैं तो निम्न जानकारियां भरें
        - प्लॉट/खसरा नंबर
        - रोड/स्ट्रीट
        - वॉर्ड संख्या/ब्लॉक संख्या एवं क्षेत्र
        - शहर/कस्बा/गांव
        - पता
        - अधिग्रहण हेतु भूमि का क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)
        - प्रस्तावित स्थल का अक्षांश (डिग्री, मिनट व सेकेंड में)
        - प्रस्तावित स्थल का देशान्तर (डिग्री, मिनट व सेकेंड में)
        - भूमि का प्रकार
        - टावर की प्रवृत्ति
        - एंटीन की संख्या
        - टावर की ऊंचाई (मीटर में)
        - टावर का वजन (किग्रा में)
        - क्या बिजली कनेक्शन उपलब्ध है?

- यदि आवेदक **भवन** का चयन करते हैं तो निम्न जानकारियां भरें
    - भवन का नाम
    - भवन की ऊंचाई (मीटर में)
    - अधिग्रहण हेतु भवन का क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)
    - भवन में तलों की संख्या
    - पता
    - प्रस्तावित स्थल का अक्षांश (डिग्री, मिनट व सेकेंड में)
    - प्रस्तावित स्थल का देशान्तर (डिग्री, मिनट व सेकेंड में)
    - टावर की प्रवृत्ति
    - एंटीन की संख्या
    - टावर की ऊंचाई (मीटर में)
    - टावर का वजन (किग्रा में)
    - क्या बिजली कनेक्शन उपलब्ध है?

**ग. भूमि/भवन के स्वामी का विवरण**

आवेदक को आवेदन पत्र के इस भाग में निम्न जानकारियां भरनी होंगी:

- भूमि/भवन का स्वामित्व (सरकारी अथवा निजी)
    - यदि **निजी** है तो स्वामी का नाम भरें
    - यदि **सरकारी** है तो विभाग का नाम, विभाग के प्राधिकृत व्यक्ति का नाम तथा विभाग के प्राधिकृत व्यक्ति का पदनाम भरें
- पता
- जिला
- पिन कोड
- फोन नंबर
- मोबाइल नंबर
- ईमेल आईडी

**घ. प्रस्तावित कार्य से संबंधित अन्य जानकारियां**

आवेदक को आवेदन पत्र के इस भाग में निम्न जानकारियां भरनी होंगी:

- कार्य निष्पादन का मोड
- कार्य निष्पादन की समयसीमा (दिनों में)
- क्या आपने असुविधाओं को कम करने हेतु उचित उपाय किए हैं? (हां अथवा नहीं)
- क्या आपने प्रस्तावित कार्य हेतु सुरक्षा उपाय किए हैं? (हां अथवा नहीं)
- प्रस्तावित कार्य से संबंधित आवेदक की राय में कोई अन्य प्रासंगिक पहलू?
- दूरसंचार विभाग अथवा बिहार सरकार अथवा स्थानीय निकाय द्वारा निर्दिष्ट कोई अन्य पहलू?

- किए गए आवेदन के संबंध में संवाद के उद्देश्य से एजेंसी के संबंधित कर्मचारी/व्यक्ति का नाम तथा संपर्क विवरण

**ङ. दस्तावेज़ अपलोड करें**

आवेदक को निम्न दस्तावेज PDF प्रारूप में अपलोड करने होंगे जिसके प्रत्येक का साइज़ 2 MB से अधिक नहीं होना चाहिए:

- दूरसंचार विभाग, भारत सरकार द्वारा प्रदत्त पंजीयन प्रमाणपत्र/अनुज्ञापत्र
- रूफ टॉप पोल हेतु संरचनात्मक स्थिरता प्रमाणपत्र निम्नलिखित संस्थाओं में से किसी संस्था के अधिकृत संरचनात्मक अभियंता द्वारा निर्गत किया हुआ होना चाहिए : राज्य भवन निर्माण विभाग/स्थानीय निकाय/केंद्रीय भवन शोध संस्थान (सी बी आर आई), रुड़की/आई आई टी/एन आई टी, राज्य शासकीय अभियंत्रण (जानपद) महाविद्यालय अथवा समय समय पर अधिकृत की गई कोई और संस्था **(यदि लागू है)**
- रूफ टॉप टावर हेतु संरचनात्मक स्थिरता प्रमाणपत्र निम्नलिखित संस्थाओं में से किसी संस्था के अधिकृत संरचनात्मक अभियंता द्वारा निर्गत किया हुआ होना चाहिए : राज्य भवन निर्माण विभाग/स्थानीय निकाय/केंद्रीय भवन शोध संस्थान (सी बी आर आई), रुड़की/आई आई टी/एन आई टी, राज्य शासकीय अभियंत्रण (जानपद) महाविद्यालय अथवा समय समय पर अधिकृत की गई कोई और संस्था **(यदि लागू है)**
- जीबीटी हेतु संरचनात्मक स्थिरता प्रमाणपत्र निम्नलिखित संस्थाओं में से किसी संस्था के अधिकृत संरचनात्मक अभियंता द्वारा निर्गत किया हुआ होना चाहिए : राज्य भवन निर्माण विभाग/स्थानीय निकाय/केंद्रीय भवन शोध संस्थान (सी बी आर आई), रुड़की/आई आई टी/एन आई टी, राज्य शासकीय अभियंत्रण (जानपद) महाविद्यालय अथवा समय समय पर अधिकृत की गई कोई और संस्था **(यदि लागू है)**
- डीजल जनरेटर सेट के निर्माता को एआरएआई अथवा किसी अन्य प्राधिकृत एजेंसी द्वारा जारी टाईप टेस्ट प्रमाणपत्र **(यदि लागू है)**
- टावर का रेखांकन सभी विवरणों, नींव की विशेषताओं तथा डिज़ाइन प्राचल सहित
- क्षतिपूर्ति बंध (मूल) – किसी हानि अथवा चोट, जो टावर द्वारा दुर्घटना, किसी अप्रत्याशित दुर्घटना को छोड़कर, के विरुद्ध सुरक्षा की दृष्टि से (इस आशय का एक घोषणापत्र कि आवेदक सुरक्षा व प्रकाश संबंधी आवश्यक सावधानियां बरतेगा तथा ऐसे किसी भी मामले हेतु पूर्ण उत्तरदायी होगा)
- लोकेशन प्लान, साइट प्लान एवं स्ट्रक्चर प्लान
- भवन/भूस्वामी का अनापत्ति प्रमाणपत्र जिसपर मोबाइल टावर अधिष्ठापित किया जाना है तथा राजकीय परिसर के संबंध में अधिकृत व्यक्ति के द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाणपत्र
- अग्नि सुरक्षा विभाग द्वारा स्वीकृति, ऊँचे भवनों के मामले में जहाँ अग्नि स्वीकृति आवश्यक है **(यदि लागू है)**

- कोई अन्य संबंधित दस्तावेज़, आवेदक के मतानुसार, जो प्रस्तावित कार्य से जुड़ा अथवा संबंधित हो **(यदि लागू है)**
    - समय-समय पर प्राधिकारी द्वारा अपेक्षित अन्य प्रमाणपत्र/अनापत्ति प्रमाणपत्र **(यदि लागू है)**
    - राज्य पर्यावरण एवं वन विभाग द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाणपत्र **(यदि लागू है)**
    - एनएचएआई, एएसआई, एयरपोर्ट एथॉरिटी द्वारा अनापत्ति प्रमाणपत्र **(यदि लागू है)**
- आवेदन पत्र में संपूर्ण जानकारियां भरने के पश्चात, घोषणा सामग्री पढ़ें, "मैं सहमत हूं" के चेक बॉक्स पर क्लिक करें तथा **Submit Application Form** बटन पर क्लिक करें।
- तत्पश्चात, आवेदक को भरे गए आवेदन पत्र के अवलोकन तथा आवेदन को अंतिम रूप से दर्ज करने हेतु हस्तांतरित किया जाएगा। आवेदन के अंतिम रूप से दर्ज होने के पश्चात इसमें किसी प्रकार के संशोधन की अनुमति नहीं होगी। अतः, आवेदकों को सलाह दी जाती है कि आवेदन पत्र को अंतिम रूप से दर्ज करने से पूर्व संबंधित चरण पर जाकर अपेक्षित जानकारी संशोधित कर लें, यदि कोई है।

*आंशिक रूप से दर्ज आवेदन **अपूर्ण आवेदन पत्र** सेक्शन में प्रदर्शित होंगे। आवेदक इस सेक्शन के माध्यम से संबंधित आवेदन को पूर्ण कर सकेंगे।*

*एक बार सृजित लॉगिन आवेदक द्वारा संबंधित पंजीकृत एजेंसी द्वारा बिहार में किसी भी दूरसंचार अवसंरचना को स्थापित करने/बिछाने के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन करने के लिए उपयोग किया जा सकता है।*

## चरण 5 – अनुमति शुल्क का भुगतान करें

- आवेदन पत्र को अंतिम रूप से दर्ज करने के पश्चात, आवेदक को अनुमति शुल्क (जैसा विभाग द्वारा निर्धारित किया जाएगा) के ऑनलाइन भुगतान हेतु हस्तांतरित कर दिया जाएगा।
- शुल्क का भुगतान करने हेतु शुल्क भुगतान पृष्ठ पर प्रदर्शित हो रहे **Proceed to Pay** बटन पर क्लिक करें। तत्पश्चात, आवेदक को पेमेंट गेटवे पर हस्तांतरित कर दिया जाएगा जहां उन्हें डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान करना होगा। भुगतान के पश्चात, आवेदक भुगतान की रसीद डाउनलोड कर सकेंगे।
- आवेदक को भूमि उपयोग शुल्क का भी भुगतान करना होगा यदि वे अवसंरचना की स्थापना हेतु सरकारी भूमि/भवन का चयन करते हैं। इस शुल्क का भुगतान आवेदक को ऑनलाइन माध्यम से करना होगा यदि विभाग द्वारा किए गए निरीक्षण में स्थल, जहां अवसंरचना स्थापित किया जाना है, साध्य पाया जाता है तथा विभाग द्वारा स्थल को साध्य चिन्हित किया जाता है।

*आवेदन, जो अंतिम रूप से दर्ज किए जा चुके हैं परंतु शुल्क भुगतान हेतु लंबित हैं, **शुल्क भुगतान हेतु लंबित आवेदन** सेक्शन में प्रदर्शित होंगे। आवेदक इस सेक्शन के माध्यम से संबंधित आवेदन का भुगतान कर सकेंगे।*

**चरण 6 – दर्ज आवेदन पत्र की स्थिति देखें**

- शुल्क भुगतान के पश्चात, आवेदन संबंधित विभाग को आगे की कार्यवाही हेतु प्रेषित कर दिया जाएगा।
- आवेदक, आवेदन की स्थिति, **दर्ज आवेदनों की स्थिति** सेक्शन के माध्यम से देख सकेंगे। यदि विभाग द्वारा दर्ज आवेदन में कोई आपत्ति दर्ज की जाती है तो आवेदक को उसे जल्द से जल्द निस्तारित करना होगा।
- विभाग द्वारा की गई प्रत्येक कार्यवाही (आवेदन की स्वीकृति/अस्वीकृति/सर्वेक्षण रिपोर्ट निर्गत करना/आपत्ति दर्ज करना) की स्थिति इस सेक्शन में प्रदर्शित होगी।
- अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी होने के पश्चात आवेदक, प्रमाणपत्र इस सेक्शन के माध्यम से डाउनलोड कर सकेंगे।

*आवेदन की प्रक्रिया के दौरान आवेदक को हर आवश्यक चरण पर एसएमएस व ईमेल अलर्ट भी प्राप्त होंगे।*